नामांक Roll No.

Question Booklet No.

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 15

SS-10-Economics (D&D)

उच्च माध्यमिक (मूक–बधिर) (CWSN) पूरक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY (D&D) (CWSN) SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

अर्थशास्त्र

ECONOMICS

समय : 4 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

   All the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-sheet only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

6) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any kind of error/difference/contradiction in the Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

7) प्रश्न क्रमांक **14** से **20** में आंतरिक विकल्प हैं । किसी एक विकल्प को हल कीजिए ।

Question Nos. **14** to **20** have one internal option. Attempt any one option.

खण्ड – अ

SECTION – A

1. बहुविकल्पी प्रश्न :

Multiple choice questions :

i) समष्टि अर्थशास्त्र में किस विषय–वस्तु का अध्ययन किया जाता है ? **[1]**

अ) व्यक्तिगत बाजार ब) व्यक्तिगत कल्याण

स) संपूर्ण अर्थव्यवस्था द) वैयक्तिक आर्थिक ऐजेंट

What subject matter is studied in macro economics ?

A) Individual market B) Individual welfare

C) Entire economy D) Individual economic agent

ii) निम्न में से कौन–सा पूंजीगत वस्तु का एक उदाहरण है ? **[1]**

अ) आहार ब) वस्त्र स) औजार द) टेलिविजन सेट

Which of the following is an example of a capital good ?

A) Food B) Cloth C) Tools D) Television set

iii) सुविधाजनक लेखे की इकाई है **[1]**

अ) चावल ब) कलाई घड़ी

स) पेंसिल द) मुद्रा

The convenient unit of account is

A) Rice B) Wrist watch

C) Pencil D) Money

iv) कीमत स्तर बढ़ जाने से मुद्रा की क्रय शक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **[1]**

अ) बढ़ेगी ब) घटेगी

स) स्थिर रहेगी द) अनन्त हो जाएगी

What will be the effect on the purchasing power of money due to increase in price level ?

A) Will increase B) Will decrease

C) Will remain constant D) Will become infinite

v) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) का सूत्र है **[1]**

अ) $\frac{\Delta S}{\Delta Y}$ ब) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

स) $\frac{S}{Y}$ द) $\frac{C}{Y}$

The formula of Marginal Propensity to Save (MPS) is

A) $\frac{\Delta S}{\Delta Y}$ B) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

C) $\frac{S}{Y}$ D) $\frac{C}{Y}$

vi) भौतिक पूंजी स्टॉक में वृद्धि कहलाती है **[1]**

अ) आय ब) निवेश

स) उपभोग द) बचत

An increase in the physical capital stock is called

A) Income B) Investment

C) Consumption D) Saving

vii) मांग का विस्तार अथवा कम करने के लिए सरकार का हस्तक्षेप कहलाता है **[1]**

अ) उत्पादन कार्य

ब) आवंटन कार्य

स) प्रावधान कार्य

द) स्थिरीकरण कार्य

Government's intervention to expand or reduce demand is called

A) Production function

B) Allocation function

C) Provision function

D) Stabilisation function

viii) जब कर संग्रह आवश्यक व्यय से अधिक हो तो, इस बजट को कहा जाता है **[1]**

अ) संतुलित बजट
ब) अधिशेष बजट
स) घाटे का बजट
द) शून्य बजट

When tax collection exceeds the required expenditure, this budget is called

A) Balanced budget
B) Surplus budget
C) Deficit budget
D) Zero budget

ix) चालू खाते का घटक है **[1]**

अ) निवेश
ब) विदेशी ऋण
स) अंतरण भुगतान
द) विदेशी सहायता

The component of current account is

A) Investment
B) Foreign loans
C) Transfer payments
D) Foreign aids

x) वह अर्थव्यवस्था जो अन्य देशों के साथ वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार करती है, कहलाती है **[1]**

अ) बंद अर्थव्यवस्था
ब) खुली अर्थव्यवस्था
स) श्रम अर्थव्यवस्था
द) निर्गत अर्थव्यवस्था

An economy that trades goods and services with other countries is called

A) Closed economy
B) Open economy
C) Labour economy
D) Output economy

xi) बाजार तंत्र से केन्द्रीय समस्याओं का समाधान किस अर्थव्यवस्था में किया जाता है ? **[1]**

अ) मिश्रित अर्थव्यवस्था

ब) केंद्रीकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

स) समाजवादी अर्थव्यवस्था

द) बाजार अर्थव्यवस्था

In which economy central problems are solved through market mechanisms ?

A) Mixed economy

B) Centrally planned economy

C) Socialist economy

D) Market economy

xii) विभिन्न क्रियाविधियाँ किस प्रकार कार्य करती है ? यह अध्ययन किस आर्थिक विश्लेषण में किया जाता है ? **[1]**

अ) सकारात्मक   ब) आदर्शक

स) बाजार   द) केन्द्रीय

How different mechanisms work ? Is studied in which economic analysis ?

A) Positive   B) Normative

C) Market   D) Central

xiii) अनधिमान वक्र की अति सामान्य आकृति होती है **[1]**

अ) यू आकार

ब) उल्टा यू आकार

स) उद्‌गम के प्रति उत्तल

द) उद्‌गम के प्रति नतोदर

The most common shape of the indifference curve is

A) U shaped

B) Inverse U shaped

C) Convex to the origin

D) Concave to the origin

xiv) उपभोक्ता की आय में वृद्धि होने पर निम्नस्तरीय वस्तुओं की मांग **[1]**

अ) बढ़ती है ब) घटती है

स) स्थिर रहती है द) अनन्त हो जाती है

As consumers income increases, the demand for inferior goods

A) Increases B) Decreases

C) Remains constant D) Becomes infinite

xv) अल्पकालीन औसत तथा सीमांत लागत वक्र का आकार होता है **[1]**

अ) यू आकार

ब) उल्टा यू आकार

स) क्षैतिजीय रेखा

द) ऊर्ध्वाधर रेखा

The shape of the short run average and marginal cost curve is

A) U shaped

B) Inverse U shaped

C) Horizontal line

D) Vertical line

xvi) निम्न में से उत्पादन फलन है **[1]**

अ) $q = f(D, S)$

ब) $q = f(P, C)$

स) $q = f(L, K)$

द) $q = f(\Delta x, \Delta y)$

From the following the production function is

A) $q = f(D, S)$

B) $q = f(P, C)$

C) $q = f(L, K)$

D) $q = f(\Delta x, \Delta y)$

xvii) जिस बाजार में फर्म द्वारा एकरूप वस्तु का उत्पादन व विक्रय किया जाता है, वह है [1]

अ) एकाधिकार ब) द्वयाधिकार

स) अल्पाधिकार द) पूर्ण प्रतिस्पर्धा

The market in which a firm produces and sells a homogeneous product is

A) Monopoly B) Duopoly

C) Oligopoly D) Perfect competition

xviii) यदि बाजार मांग बाजार पूर्ति से अधिक है तो यह स्थिति कहलाती है [1]

अ) अधिमांग ब) अधिपूर्ति

स) शून्य अधिमांग द) शून्य अधिपूर्ति

If market demand exceeds market supply, then this situation is called

A) Excess demand B) Excess supply

C) Zero excess demand D) Zero excess supply

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

Fill in the blanks.

i) _________ बैंक मुद्रा का निर्गमन करता है । [1]

The _________ bank issues currency.

ii) उपभोग मांग का सबसे महत्वपूर्ण निर्धारक _________ है । [1]

The most important determinant of consumption demand is ________.

iii) _________ किसी देश के एक निश्चित समयावधि में निर्यातों और आयातों के मूल्यों का अंतर है । [1]

The _________ is the difference between the values of a country's exports and imports over a given period of time.

iv) वस्तुओं तथा सेवाओं का उत्पादन, _________ तथा उपभोग जीवन की आधारभूत आर्थिक गतिविधियों के अन्तर्गत आते है । **[1]**

Production, _________ and consumption of goods and services are among the basic economic activities of life.

v) _________ में उत्पादन के सभी कारकों में परिवर्तन लाया जा सकता है । **[1]**

In the _________ all the factors of production can be changed.

vi) एक कीमत स्वीकारक फर्म के लिए सीमांत संप्राप्ति _________ के बराबर होती है । **[1]**

For a price taking firm, marginal revenue equals to _________.

3. अति लघुत्तरात्मक प्रश्न :

Very short answer type questions :

i) निर्यात से आपका क्या अभिप्राय है ? **[1]**

What do you mean by export ?

ii) मुद्रा की मांग का कोई एक कारण दीजिए । **[1]**

Give any one reason for the demand for money.

iii) यदि नकद कोष अनुपात (CRR) 20 प्रतिशत है तो मुद्रा गुणक का मान क्या होगा ? **[1]**

If the Cash Reserve Ratio (CRR) is 20 percent, what will be the value of money multiplier ?

iv) उपभोग फलन का सूत्र लिखिए । **[1]**

Write the formula of consumption function.

v) स्वायत्त निवेश का रेखाचित्र बनाइए । **[1]**

Draw a diagram of autonomous investment.

vi) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (mpc) में वृद्धि का गुणक पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **[1]**

What will be the effect of an increase in marginal propensity to consume (mpc) on the multiplier ?

vii) विदेशी विनिमय बाजार के किन्ही दो मुख्य प्रतिभागियों के नाम बताइए । **[1]**

Name any two participants of the foreign exchange market.

viii) स्थानापन्न वस्तु का कोई एक उदाहरण दीजिए । **[1]**

Give any one example of substitute good.

ix) उत्पादन संभावना सेट से क्या अभिप्राय है ? **[1]**

What is meant by production possibility set ?

x) यदि 4 इकाई श्रम का कुल उत्पाद 50 है तो औसत उत्पाद ज्ञात कीजिए । **[1]**

If the total product of 4 units of labour is 50, find the average product.

xi) यदि बाजार कीमत P तथा फर्म की उत्पादित मात्रा q है तो कुल संप्राप्ति क्या होगी ? **[1]**

If the market price is P and the quantity produced by the firm is q, what will be the total revenue ?

xii) यदि उच्चतम निर्धारित कीमत संतुलन कीमत से कम निर्धारित की जाती है तो कौन-सी स्थिति उत्पन्न होगी ? **[1]**

Which situation will arise if the ceiling price is set lower than the equilibrium price ?

खण्ड – ब

SECTION – B

लघुत्तरात्मक प्रश्न :

Short answer type questions :

4. समष्टि अर्थशास्त्र के निर्णयकर्त्ता क्या करने का प्रयास करते है ? **[2]**

What macro economic decision makers try to do ?

5. यदि उपभोग फलन C = 40 + 0.5Y तथा आय Y = 100 करोड़ रुपए हो तो बचत के मूल्य की गणना कीजिए । **[2]**

If the consumption function C = 40 + 0.5Y and income Y = Rs. 100 crore are given then calculate the value of savings.

6. निजी वस्तुओं एवं सार्वजनिक वस्तुओं में कोई दो अंतर बताइए । **[1+1=2]**

State any two differences between private goods and public goods.

7. किसी स्वदेश में विदेशी विनिमय की पूर्ति के कोई दो कारण दीजिए । **[1+1=2]**

Give any two reasons for the supply of foreign exchange in a home country.

8. यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (c) 0.8 है तथा सीमांत आयात प्रवृत्ति (m) 0.3 है तो खुली अर्थव्यवस्था के गुणक का मान क्या होगा ? **[2]**

If marginal propensity to consume (c) is 0.8 and marginal propensity to import (m) is 0.3 then what will be the value of the open economy multiplier ?

9. अर्थव्यवस्था की किन्हीं दो केंद्रीय समस्याओं का विश्लेषण कीजिए । **[1+1=2]**

Analyse any two central problems of the economy.

10. अनधिमान मानचित्र बनाइए । **[2]**

Draw an indifference map.

11. स्थिर कारक एवं परिवर्ती कारक में भेद कीजिए । **[1+1=2]**

Distinguish between fixed factors and variable factors.

12. औसत स्थिर लागत वक्र बनाइए । **[2]**

Draw an average fixed cost curve.

13. एक फर्म ₹ 10 प्रति इकाई बाजार कीमत पर 200 इकाइयों का उत्पादन करती है । यदि कीमत बढ़कर ₹ 30 हो जाती है तो फर्म 1000 इकाइयों का उत्पादन करती है । पूर्ति की कीमत लोच की गणना कीजिए । **[2]**

A firm produces 200 units at a market price of ₹ 10 per unit. If the price rises to ₹ 30 , the firm produces 1000 units. Calculate the price elasticity of supply.

खण्ड – स

SECTION – C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :

Long answer type questions :

14. राष्ट्रीय आय गणना की व्यय विधि को समझाइए । **[3]**

Explain the expenditure method of calculating national income.

अथवा/OR

निम्नलिखित अवधारणाओं का विश्लेषण कीजिए :

i) बाजार कीमत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP_{mp})

ii) साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP_{fc})

iii) बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP_{mp})

Analyse the following concepts :

i) Gross National Product at market price (GNP_{mp})

ii) Gross National Product at factor cost (GNP_{fc})

iii) Net National Product at market price (NNP_{mp})

15. व्यावसायिक बैंक के किन्हीं तीन कार्यों का वर्णन कीजिए । **[3]**

Describe any three functions of a commercial bank.

अथवा/OR

खुले बाजार की क्रियाओं से क्या अभिप्राय है ? इसके द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया मुद्रा पूर्ति को किस प्रकार प्रभावित करता है ?

What is meant by open market operations ? How does Reserve Bank of India influences money supply through it ?

16. निम्नलिखित सारणी से बाजार मांग की गणना कीजिए । **[½×6=3]**

P	1	2	3	4	5	6
d_1	9	8	7	6	5	4
d_2	24	20	18	16	14	12

Calculate the market demand from the following table.

P	1	2	3	4	5	6
d_1	9	8	7	6	5	4
d_2	24	20	18	16	14	12

अथवा/OR

निम्नलिखित तालिका से सीमांत उपयोगिता ज्ञात कीजिए ।

इकाई	1	2	3	4	5	6
कुल उपयोगिता	22	28	32	34	34	32

Find out the marginal utility from the following table.

Units	1	2	3	4	5	6
Total Utility	22	28	32	34	34	32

17. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में बाजार मांग वक्र तथा बाजार पूर्ति वक्र निम्न प्रकार दिए गए है : **[3]**

$q^D = 200 - P, \quad q^S = 120 + P$

संतुलन कीमत तथा मात्रा ज्ञात कीजिए ।

In a perfectly competitive market, the market demand and the market supply curve are given below :

$q^D = 200 - P, \quad q^S = 120 + P$

Find the equilibrium price and quantity.

अथवा/OR

निम्न तालिका में फर्म की कुल लागत (TC) को दर्शाया गया है । वस्तु की कीमत (P) 15 रूपए दी हुई है । उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर लाभ की गणना कीजिए ।

उत्पादन (इकाई)	1	2	3	4	5	6
कुल लागत (TC) (₹)	30	38	44	49	53	59

The following table shows the Total Cost (TC). The price of a good (P) Rs. 15 is given. Calculate profit at each production level.

Output (Units)	1	2	3	4	5	6
Total Cost (TC) (₹)	30	38	44	49	53	59

खण्ड – द

SECTION – D

निबंधात्मक प्रश्न :

Essay type questions :

18. करों में कटौती का संतुलन आय पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **[4]**

Analyse the effects of tax cuts on equilibrium income.

अथवा/OR

'घाटे स्फीतिकारी नहीं होते है' – इस कथन का तर्क देते हुए विश्लेषण कीजिए ।

'Deficits are not inflationary' – Analyse this statement by giving arguments.

19. बजट रेखा में बदलाव को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए । **[2+2=4]**

i) जब उपभोक्त की आय में वृद्धि हो

ii) जब x वस्तु की कीमत में कमी हो

Explain the change in the budget line with the help of a diagram.

i) When consumer income increases

ii) When price of x commodity decreases

अथवा/OR

मांग की लोच के ज्यामितीय माप को रेखाचित्र से समझाइए ।

Explain the geometric measure of elasticity of demand with the help of a diagram.

20. परिवर्ती अनुपात नियम का रेखाचित्र की सहायता से विश्लेषण कीजिए । **[4]**

Analyse the law of variable proportions with the help of a diagram.

अथवा/OR

कुल स्थिर लागत, कुल परिवर्ती लागत तथा कुल लागत का रेखाचित्र की सहायता से विश्लेषण कीजिए ।

Analyse total fixed cost, total variable cost and total cost with the help of a diagram.

DO NOT WRITE ANYTHING HERE